CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 238 ▫ रायपुर, सोमवार 21 सितंबर 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### 'कांग्रेस बनी माओवादी मुस्लिम लीग पार्टी': भाजपा ने हामिद अंसारी को दी बधाई, राहुल को भी लिया आड़े हाथ

**नई दिल्ली, 21 सितंबर (न्यूज चैनल)।** भाजपा ने सोमवार को पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के हिंदू राष्ट्रवाद को लेकर दिए गए बयान पर निशाना साधा। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हामिद अंसारी ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस अब माओवादी-मुस्लिम लीग पार्टी हो चुकी है। त्रिवेदी ने कहा कि हामिद अंसारी ने ये भी बताया कि जवाहरलाल नेहरू भी वामपंथ को खतरा मानते थे। उन्होंने कहा कि ये खुलासा करने के लिए हामिद अंसारी को बधाई। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज की कांग्रेस अल्ट्रा लेफ्ट में जा चुकी है और राहुल गांधी कम्युनिज्म में गोता लगा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि यहां नेहरू का संदर्भ भी आपके समर्थक लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयानों में जो नजर आता है, वो उनका खानदानी गुण है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 2 जून, 2023 को वॉशिंगटन डीसी में मुस्लिम लीग को पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष बताया था। उन्होंने कहा कि जिन्ना की बनाई गई मुस्लिम लीग जिसके साथ आप केरल में सरकार चला रहे हैं।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर की एयरस्ट्राइकः हवाई हमले में तीन की मौत, तालिबान ने दी धमकी

**नई दिल्ली, 21 सितंबर (न्यूज चैनल)।** अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्वी कुनार प्रांत को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी हवाई हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी टोलो न्यूज ने सोमवार को एक प्रांतीय अधिकारी के हवाले से दी गई है। माना जा रहा है कि यह सैन्य हमला उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक पुलिस स्टेशन परिसर में हुए आत्मघाती बम धमाके के जवाब में किया गया है। इससे यह आशंका बढ़ गई है कि पड़ोसी देशों के बीच तनाव एक बार फिर खुली लड़ाई में बदल सकता है। दरअसल, फरवरी में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच कई वर्षों में सबसे गंभीर सैन्य टकराव हुआ। यह ताजा तनाव उस चेतावनी के कुछ दिनों बाद बढ़ा है जिसमें तालिबान ने कहा था कि वह किसी भी पाकिस्तानी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ अफगान क्षेत्र की रक्षा करेगा। पाकिस्तान के संभावित हमलों से पहले, तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने इस्लामाबाद को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि वह अफगानिस्तान के अंदर हमले न करे।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर

# हादसे में मासूम भाइयों की मौत, पिता घायल



**बालोद, 21 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** बीती रविवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है. हादसा देवरी थाना क्षेत्र के परसुली गांव के पास हुआ, जहां डौंडीलोहारा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर कार ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी. हादसे के बाद कार चालक और उसका साथी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए.

जानकारी के अनुसार, परसुली निवासी पवन सोनकर रविवार रात अपने 3 वर्षीय बेटे हिमांशु सोनकर और 12 वर्षीय भतीजे नमन कुमार सोनकर के साथ बाइक क्रमांक सीजी- 24 एस-1107 से घर के पास सड़क पर निकले थे. इसी दौरान डौंडीलोहारा की ओर से देवरी की तरफ जा रही कार क्रमांक सीजी 08 एटी-360 के चालक ने कथित तौर पर वाहन को रॉन्ग साइड में ले जाकर बाइक को सामने से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल घायलों की मदद की. सूचना मिलने के बाद डॉयल 112 और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजनांदगांव रेफर किया गया. वहां उपचार के दौरान पवन सोनकर के बेटे हिमांशु सोनकर और भतीजे नमन कुमार सोनकर की मौत हो गई. वहीं पवन सोनकर का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक और उसके साथ मौजूद दूसरा व्यक्ति वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गए. सूचना मिलने पर देवरी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लिया. पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर फरार चालक और उसके साथी की तलाश शुरू कर दी है. हादसे की परिस्थितियों और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## स्वाइन फ्लू के बाद छत्तीसगढ़ में स्क्रब टाइफस की दस्तक

# जांजगीर-चांपा में युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा, 21 सितंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में स्वाइन फ्लू के बाद अब स्क्रब टाइफस के मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के तुसमा निवासी 25 वर्षीय युवक की स्क्रब टाइफस की चपेट में आने के बाद बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक को 17 सितंबर को अचानक तेज बुखार आया था। पहले उसका इलाज शिवरीनारायण के एक निजी अस्पताल में कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे बिलासपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिले में बीमारी की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और जांच तेज कर दी है। जिला अस्पताल में फिलहाल स्क्रब टाइफस से पीड़ित पांच मरीजों का इलाज चल रहा है।





विभाग के अनुसार, पिछले एक महीने में सरकारी और निजी अस्पतालों में करीब 40 से 45 मरीज स्क्रब टाइफस जैसे लक्षणों के साथ इलाज के लिए पहुंचे हैं। जानकारी के मुताबिक, तुसमा निवासी 25 वर्षीय युवक को 17 सितंबर को अचानक तेज बुखार आया। इसके बाद उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। परिजनों ने उसे शुरुआती उपचार के लिए शिवरीनारायण के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के बावजूद उसकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उपचार के दौरान शनिवार को युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की जानकारी सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। संदिग्ध मरीजों की पहचान और जांच पर भी जोर दिया जा रहा है। फिलहाल जिला अस्पताल में स्क्रब टाइफस से पीड़ित पांच मरीजों का उपचार चल रहा है।

# लखीमपुर खीरी में चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में चली गोलियां, शिक्षिका समेत दो की मौत



**नई दिल्ली, 21 सितंबर (न्यूज चैनल)।** लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह चिल्ड्रेन अकडेमी स्कूल में बड़ी घटना घटित हुई, जिससे शहर में सनसनी फैल गई। इस स्कूल में सुबह करीब साढ़े 11 बजे गोलियां चली, जिससे एक युवक और महिला शिक्षक की मौत हो गई है। गोलीकांड से स्कूल में चीख-पुकार मच गई। मासूम बच्चे सहम गए। सूचना मिलते ही अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। स्कूल के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई। अभिभावक भी पहुंच गए। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर जांच की जा रही है। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग भी मौके पर पहुंच गई हैं। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। वारदात स्कूल की पहली मंजिल पर हुई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कोई बाहर का युवक स्कूल में आया था। उसी ने वारदात को अंजाम दिया। उसने तमंचे से पहले शिक्षिका को गोली मारी। फिर खुद को गोली मार ली। गोलियां चलने की आवाज सुनकर स्कूल के कक्षों से अन्य शिक्षिक बाहर आ गए।

# पुलिस ने किया एके-47 समेत 3 रायफल व जिंदा कारतूस बरमाद



**बीजापुर, 21 सितंबर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों को नक्सल उनमूलन अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है. भैरमगढ़ के उतला जंगल में जमीन के नीचे छिपा नक्सलियों के हथियारों का जखीरा बरमाद किया गया है। एके-47 समेत 3 रायफल, 9 एमएम पिस्टल और जिंदा कारतूस बरमाद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल) अमन झा के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजान दिया गया. सूचना पर भैरमगढ़ थाना से पुलिस बल और डीआरजी को उतला गांव के जंगलों में सर्चिंग के लिए रवाना किया गया. सर्चिंग के दौरान संदिग्ध लगने पर तलाशी ली गई, तब जवानों को जमीन के नीचे छिपा नक्सली डंप मिला. सुरक्षित तरीके से जवानों ने जमीन के अंदर गाड़कर रखे गए नक्सली डंप को सुरक्षित रूप से बरामद किया। दरअसल, आत्मसमर्पित नक्सलियों पर सतत निगरानी रखते हुए उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है. उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं. आत्मसमर्पित नक्सलियों से लगातार नक्सली संगठन की गतिविधियों और पूर्व में संगठन से जुड़ी घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है. इसी से मिली सूचना के आधार पर भैरमगढ़ में नक्सली डंप बरामद करने में सफलता मिली है।

# मंत्रालय में नौकरी और आवास दिलाने के नाम पर 9 लाख से अधिक की ठगी, महिला सहित दो ठग गिरफ्तार



**धमतरी, 21 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** सिटी कोतवाली धमतरी पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफ्लता हासिल की है। प्रार्थी मनीष साहू 27 वर्ष, निवासी भानपूरी (थाना गुरूर, जिला बालोद) ने थाना सिटी कोतवाली धमतरी में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

प्रार्थी के अनुसार, फ्रवरी 2024 में उसकी मुलाकात रुद्री रोड स्थित एक होटल में शशि प्रभा साहू पति प्रीतम साहू 50 वर्ष निवासी जंगल पारा गांधी नगर नगरी एवं अमित कुमार देवांगन पिता स्व. सुखराम देवांगन 38 वर्ष निवासी पारागांव, वार्ड क्रमांक 12, परमेश्वरी मंदिर के पीछे, भाठापारा, थाना गोबरा नवापारा, जिला रायपुर से हुई थी। दोनों ने प्रार्थी को अपने झांसे में लेते हुए स्वयं को मंत्रालय में कार्यरत बताया और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पारिजात भवन (आवास) का आबंटन कराने का प्रलोभन दिया। आरोपियों ने प्रार्थी को विश्वास में लेने के लिए बाकायदा मंत्रालय (महानदी भवन) ले जाकर बाहर खड़ा किया और भवन की कुल कीमत 14,12,000 रुपये बताई। प्रार्थी से विभिन्न बैंक खातों, फोन-पे, गूगल-पे और नकद माध्यमों से किश्तों में कुल 9,08,000 रुपये ऐंठ लिए गए। इसके अलावा प्रार्थी से बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक के दो खाली हस्ताक्षरित चेक भी ले लिए गए। जब प्रार्थी को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ और उसने रकम वापस मांगी, तो केवल 2,98,999 रुपये लौटाए गए तथा शेष बड़ी रकम हड़प ली गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। धमतरी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## बिरादरी की बातें

**चूहा-** सुनती हो, राहुल गांधी के इंदौर कार्यक्रम में 'मिमिक्री' को लेकर बड़ा बवाल खड़ा हो गया है।

**चुहिया-** हां जी, अब तो जमाना नकल का ही है, अकल का तो खत्म हो गया है।

## राज्यसभा सांसद ने चक्रधर समारोह में फूहड़ता का लगाया आरोप

# बीड़ी जलाई ले और चुम्मा-चुम्मा जैसे गानों पर जताई आपत्ति

**बिलासपुर/रायगढ़, 21 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में रामलीला मैदान पर 41वें अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पद्मश्री सम्मानित कलाकारों से लेकर बॉलीवुड के चर्चित गायकों के सुरों से सजने वाले प्रतिष्ठित मंच को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. समारोह के सातवें दिन इंडियन आइडल फेम अमित साना की प्रस्तुति के दौरान कुछ गानों पर कड़ी आपत्ति जताई गई है. भाजपा के राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने आपत्तिजनक गानों पर विरोध जताया है. उन्होंने नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री साय और संस्कृति मंत्री से लिखित शिकायत करने की बात कही है।




दरअसल, 41वें चक्रधर समारोह के सातवीं संस्कृति संध्या में रायगढ़ घराने की कथक नृत्यांगना और गुरु सोमा दास के मार्गदर्शन में श्री नटराज नृत्य कला केंद्र के कलाकारों ने मनमोहक कथक प्रस्तुति दी। अंत में इंडियन आइडल फेम अमित साना अपने ग्रुप के साथ प्रस्तुति देने पहुंचे. इस दौरान मंच से 'बीड़ी जलाई ले, जिगर से पिया', 'चुम्मा-चुम्मा दे दे' जैसे गाने गाए गए, जिनपर विशेष रूप से राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने आपत्ति जताई है. राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के बीच ही वापस आ गए थे. कार्यक्रम में उस समय मंच के सामने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, उनकी पत्नी सहित कई अधिकारी मौजूद थे। इस समारोह के मंच से ऐसा फूहड़ गाना चक्रधर समारोह का अपमान तो है ही, साथ ही उनके दादा चक्रधर जी की आत्मा को भी गंभीर ठेस लगी है. राज्य सभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित सांस्कृतिक मंत्री को पत्र लिखेंगे।

# जूनियर डॉक्टरों का बड़ा फैसला, सात दिनों के लिए स्थगित किया आंदोलन

**रायपुर, 21 सितंबर (हाईवे चैनल)।** राजधानी में जूनियर डॉक्टर्स की प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल फिलहाल टल गई है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अपनी हड़ताल को 7 दिन के लिए आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के बाद यह निर्णय लिया। जूनियर डॉक्टर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 21 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में थे। हड़ताल को लेकर डॉक्टरों ने पहले ही घोषणा कर दी थी। इससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी। हड़ताल से पहले जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की और अपनी मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान डॉक्टरों ने अपनी समस्याओं और लंबित मांगों को मंत्री के सामने रखा। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने जूनियर डॉक्टरों की मांगों के समाधान के लिए 7 दिन का समय मांगा। उन्होंने डॉक्टरों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मंत्री के आश्वासन के बाद जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया। अब डॉक्टर संगठन सरकार की ओर से होने वाली कार्रवाई का इंतजार करेगा। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल टलने से अस्पतालों में इलाज व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका कम हो गई है। जूनियर डॉक्टर सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम हिस्सा होते हैं, ऐसे में उनके आंदोलन से मरीजों को परेशानी हो सकती थी। हड़ताल टलने के बाद मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली है। जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि उन्होंने सरकार को अपनी मांगों के समाधान के लिए समय दिया है। यदि तय समय में मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन आगे की रणनीति तय करेगा। फिलहाल रायपुर में जूनियर डॉक्टर काम पर बने रहेंगे और स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। अब सभी की नजर सरकार की ओर से उठाए जाने वाले कदमों पर है।




# एमपी में जहरीले शराब से 28 मौतों के बाद आबकारी आयुक्त के निर्देश पर धमतरी जिले में आबकारी विभाग है अलर्ट

**धमतरी, 21 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के सागर जिले में जहरीले शराब पीने से 28 लोगो की मौत हो गई थी। जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ में भी आबकारी विभाग अलर्ट मोड पर है। राज्य आबकारी आयुक्त के निर्देश पर धमतरी आबकारी विभाग द्वारा गंभीरता से जहरीले शराब व अवैध तस्करी के संबंध में जांच की जा रही है।

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी रोहित देवांगन ने बताया कि आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार जिले के चेकपोस्ट में अवैध शराब व तस्करी की गंभीरता से जांच-पड़ताल हो रही है। साथ ही उड़नदस्ता टीम भी अलर्ट मोड पर हैं। वे स्वयं चेकपोस्ट पर पहुंचे और जांच-पड़ताल का जायजा लिया। वे विभागीय व्यवस्था से संतुष्ट हुए। बता दे कि जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार अन्य प्रदेशो से पहुंचने वाली शराब की खेप पर रोक लगाने गंभीर है। जिससे अवैध शराब के कारोबार पर काफी हद तक लगाम लग पा रहा है। चेकपोस्ट पर नाकेबंदी कर अवैध शराब की बारिकी से जांच हो रही है।



**गंभीरता से हो रही जांच, आबकारी अधिकारी ने चेक पोस्ट पहुंचकर स्वयं की जांच-पड़ताल, व्यवस्था से हुए संतुष्ट**

**कुछ शराब दुकानों के स्थान में बदलाव पर विचार:** बता दे कि धमतरी जिले में 27 देशी विदेशी, प्रीमियम और कम्पोजिट शराब दुकाने है। जिले में औसतन रोजाना 1 करोड़ की शराब की खपत होती है। कुछ शराब दुकानो के संचालन को लेकर स्थानीय लोगो द्वारा विरोध दर्ज कराया जाता है ऐसे कुछ शराब दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने के संबंध में विभाग द्वारा विचार किया जा रहा है। दरअसल कुछ शराब दुकानों में आहाता की जगह नहीं होती ऐसे में आसपास खुले में शराबखोरी बढ़ जाती है। जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी होती है माहौल भी खराब होता है। वहीं कुछ स्थानों पर शराब दुकाने शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलो के पास होने की शिकायत मिलती है। इन्ही सब शिकायतो को ध्यान में रखते हुए इस बार नये सत्र से कुछ शराब दुकानो का स्थानांतरण हो सकता है।

### डिस्पोजल मुक्ति पर फोकस

जिला आबकारी अधिकारी रोहित देवांगन ने बताया कि शराब दुकानों के आसपास बड़ी मात्रा में डिस्पोजल कचरा फैला रहता है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण व स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए शराब दुकानो के आसपास बिखरे डिस्पोजल को हटाने की दिशा में प्रयास किया जायेगा। शराब दुकानों के आसपास डिस्पोजल मुक्त करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। श्री देवांगन ने मोहला मानपुर जिले का उदाहरण देते हुए बताया कि इस दिशा में वहां प्रयास किया गया है। धमतरी में भी यह प्रयास किया जायेगा।

CMYK